दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर–273009 (उ.प्र.) भारत
DEEN DAYAL UPADHYAYA GORAKHPUR UNIVERSITY, GORAKHPUR-273009 (U.P.) INDIA
NAAC Grade A++ Accredited (CGPA 3.78)

प्रो. अनुभूति दुबे
Prof. Anubhuti Dubey
अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण
Dean, Student-Welfare

आचार्य, मनोविज्ञान विभाग
Whatsapp: 9415270556
dsw@ddugu.ac.in
anubhutiddu@rediffmail.com

पत्रांक : /अ0छा0क0/2025 दिनांक : 05.02.2025

अति–आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत किये गये आवेदन पत्रों में संशोधन करने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी, गोरखपुर के पत्रांक –सी–1755/स0क0/छात्रवृत्ति/संशोधन/2024–25 दिनांक 04.02.2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि दिनांक 05.02.2025 से 10.02.2025 तक संशोधन हेतु पोर्टल खोला गया है।

संशोधन हेतु आय प्रमाण पत्र एवं जाति संशोधन (नवीन/नवीनीकरण) एवं मार्क मिसमैच के विकल्प उपलब्ध है।

समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि अपने छात्रवृत्ति आवेदन पत्र का स्टेटस (Status) अवश्य देखें लें तथा प्रदर्शित हो रही त्रुटि में आवश्यक संशोधन अवश्य कर लें।

जिन छात्रों द्वारा आवेदन पत्र में अपने नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है। ऐसे समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा उक्त संशोधन की तिथि के अन्दर अपने पिता, पिता के न रहने पर माता तथा दोनों के न रहने पर अभिभावक एवं विवाहित पुत्री की दशा में पति के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र को ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधित कर लें।

शासन द्वारा निर्धारित तिथि के अन्तर्गत आवेदन पत्र में प्रदर्शित हो रही त्रुटि को संशोधित कर फार्म का फाईनल प्रिन्ट निकाल लें। दिनांक 10.02.2025 तक अपने सम्बन्धित संकाय/विभाग में त्रुटि से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों को (स्टेटस सहित) आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर अवश्य जमा कर दें। जिससे संशोधित आवेदन पत्रों को पुनः सम्बन्धित संकाय/विभाग द्वारा दिनांक 13.02.2025 तक अग्रसारित किया जा सके। अन्यथा की स्थिति में छात्र/छात्रा स्वंय जिम्मेदार होगें।

Adubey 5.2.2025

(प्रो0 अनुभूति दुबे)

प्रतिलिपि : **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त संकायाध्यक्ष/समस्त विभागाध्यक्ष।
2. निदेशक/समन्वयक स्ववित्तपोषित पाठयक्रम।
3. निदेशक स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम प्रकोष्ठ।
4. कुलसचिव।
5. समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करवाने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, मीडिया सेल इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
7. प्रभारी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानर्थ।

Adubey 5.2.2025

(प्रो0 अनुभूति दुबे)